आज समाज 23/03/2025

जीएमएन कॉलेज में अभिभावक-शिक्षक सभा का किया आयोजन

अंबाला। जीएमएन कॉलेज अंबाला कैंट में अभिभावक शिक्षक सभा का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ रोहित दत्त के नेतृत्व में किया गया। इस सभा में बहुत से विद्यार्थियों के अभिभावकों ने महाविद्यालय में पहुंचकर या ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर अपने बच्चों के शैक्षिक प्रदर्शन, प्रगति, कक्षा में उपस्थिति, सह पाठ्यक्रम गतिविधियों में भागीदारी, बच्चों की व्यवहारिकता अनुशासन आदि के बारे में पूछताछ की एवं संबंधित समस्याओं के हल एवं सुझावों का, संबंधित शिक्षकों से विचार विमर्श किया। इस गतिविधि में अभिभावकों का सक्रिय योगदान रहा। प्राचार्य डॉ रोहित दत्त ने इस तरह की सभाओं के आयोजन को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में मूलभूत आवश्यकता बताकर कहा कि ये सभाएं विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों के बीच एक सामंजस्य स्थापित करती है, जोकि विद्यार्थियों की शिक्षा, चरित्र, व्यवहार आदि, सर्वांगीण विकास पर अत्यंत उपयोगी भूमिका अदा करती है। अभिभावक शिक्षक सभा समिति की संयोजिका डॉ अंशु चौधरी एवं सदस्य मैडम नीलम एवं डॉ नीना के अनुसार अभिभावको ने महाविद्यालय के प्राचार्य एवं सभी शिक्षकगणों को धन्यवाद प्रेषित किया।